www.amritvichar.com
# अमृत विचार
## बरेली महानगर
बरेली , सोमवार,6 अप्रैल 2026

**सुविचार**



जीवन को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता, उसका 'पूर्णता' में ही विचार किया जाना चाहिए।
- अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री

**बरेली के प्रमुख समाचार**

■ गलत ओवरटेक बनी काल, हाईवे खून से लाल-II
■ 'गौहत्या रोकने को सरकारों ने कदम नहीं उठाए'-III
■ ईस्टर पर प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की मनाई खुशी -IV

**सिटी ब्रीफ**

### संगठन में सदस्य संख्या बढ़ाने पर जोर

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक रविवार को केशव कृपा भवन के सभागार में हुई। मुख्य अतिथि संघ के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल सिंह ने पूर्व सैनिकों से संगठन में सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। समस्याओं का निस्तारण विभिन्न विभागों से कराने के लिए उनसे पत्राचार करने की बात कही। अध्यक्षता सूबेदार मेजर रामलडैते शर्मा व संचालन महासचिव प्रथमेश गुप्ता ने किया। जिलाध्यक्ष कैप्टन उमेश सिंह राठौड़, संरक्षक आरएल पाठक, प्रमोद उपाध्याय, सुमन देवी, प्रेमपाल गंगवार, मोहन स्वरूप, मिथिलेश दीक्षित, तोमर, भोपराम गंगवार आदि मौजूद रहे।

### कविर्देव की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान

**बरेली, अमृत विचार :** कविर्देव सेवा संस्था की ओर से सुभाषनगर स्थित कार्यालय पर कविर्देव का पाठ किया गया। संस्था के संचालक डॉ. राजेश शुक्ला ने कहा कि कबीर जी ने मानव-मानव में कोई भेद नहीं किया। उनके लिए सबसे बड़ा धर्म मानवता था। उन्होंने जीवन भर पाखंड का विरोध किया। हमें उनसे प्रेरणा लेकर लोगों में प्रेम का संदेश देना चाहिए। रत्नेश मिश्रा, राम बहादुर बजाज, गंगाराम गंगवार, अनुजा मिश्रा, रंजना शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**शहर में आज**

- आर्ट ऑफ लिविंग बरेली चैप्टर की ओर से बाबा श्री टिबरीनाथ मंदिर में श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम सुबह 9 बजे।
- टैलेंट आर्ट अकादमी द्वारा नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन यामिनी आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी समापन दोपहर 1 बजे।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।

**अमृत मंथन**



एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को आयोजित अमृत मंथन में कलाकारों ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। • अमृत विचार

# संकट : ठेकेदारों ने 14 प्रोजेक्ट से मुंह मोड़ा

## निगम को बार-बार निकालने पड़ रहे टेंडर, एनकैप योजना में सड़क निर्माण, फुटपाथ चौड़ीकरण अटके

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के विकास कार्यों में इन दिनों ''सख्ती'' और 'सियासत' का ऐसा कॉकटेल बना है कि नगर निगम के 14 बड़े प्रोजेक्ट्स अधर में लटक गए हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) के तहत प्रस्तावित सड़क निर्माण और फुटपाथ चौड़ीकरण जैसे कार्यों से ठेकेदारों ने मुंह मोड़ लिया है। आलम यह है कि पिछले दो महीनों में तीन बार निविदाएं आमंत्रित की गईं, लेकिन एक भी कार्यदायी संस्था ने आवेदन नहीं किया। अब चौथी बार निविदा निकालने की तैयारी है।

ठेकेदारों की इस बेरुखी की सबसे बड़ी वजह नगर आयुक्त की सख्ती मानी जा रही है। कुछ महीनों में नगर आयुक्त ने खुद निर्माणाधीन कार्यों के सैंपल भरवाकर प्रयोगशाला में खुद खड़े होकर जांच कराई। पारदर्शी जांच से पिछले महीने अभियंताओं और ठेकेदारों की जुगलबंदी की पोल भी खुली थी। जांच में 17 परियोजनाओं में 11 कार्यों के नमूने फेल (अधोमानक-तय मानक से कम या पूरी तरह खराब) पाए गए थे। नगर आयुक्त ने इन कार्यों से जुड़े अभियंताओं से स्पष्टीकरण तलब करने के साथ ठेकेदारों का न केवल भुगतान रोका, बल्कि जुर्माना भी लगाया था।





- पिछले दो महीनों में तीन बार निविदाएं आमंत्रित की गईं



> निर्माण कार्यों की सैंपलिंग और जांच भ्रष्टाचार रोकने और जनता के पैसे का सही उपयोग करने के लिए है। ईमानदार ठेकेदारों को डरने की कोई जरूरत नहीं है, जो मानक विहीन कार्य करेंगे, उन पर जुर्माना और ब्लैकलिस्ट में डालने की कार्रवाई जारी रहेगी। कुछ एक कार्य हैं, जिनके दूसरी या तीसरी बार टेंडर निकाले जाएंगे।
>
> -संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त।



> टेंडर लगातार निकल रहे हैं। कई बार ऐसा होता है कि टेंडर लेने के लिए ठेकेदार जो दस्तावेज अपलोड करते हैं, उसमें कमियां होने पर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है। 13 कौन से प्रोजेक्ट हैं, जिनके टेंडर ठेकेदार नहीं ले रहे हैं, उसकी जानकारी सोमवार को निर्माण विभाग के अफसरों से की जाएगी। टेंडर अटके हैं, तो उन्हें शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा।
>
> -उमेश गौतम, मेयर

इधर, पूरे प्रकरण को नगर निगम की आंतरिक सियासत से भी जोड़कर देखा जा रहा है। चर्चा है कि कई ठेकेदार मोटा कमीशन देकर काम तो हथिया लेते हैं, लेकिन गुणवत्ता के कड़े मानकों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया बार-बार फेल होने से डीडीपुरम, मॉडल टाउन, कुर्मांचल नगर और जनकपुरी जैसे पॉश इलाकों में हॉटमिक्स सड़क और सीसी टाइल्स पटरी निर्माण के काम ठप पड़े हैं। एक्सईएन राजीव राठी के अनुसार एनकैप के कार्यों को लेकर लगातार निविदा आमंत्रित की जा रही है। एजेंसियों को कोई भ्रम है तो उसे दूर कराने का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि 53 करोड़ की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारा जा सके।

### सीडीओ ने गोशाला में देखी चारे की व्यवस्था

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने रविवार को मीरगंज तहसील की ग्राम पंचायत सैजना में गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश के चारे, पानी और उनके स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं की पड़ताल की। सीडीओ ने पाया कि गोशाला में कुल 83 पशु संरक्षित हैं। सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय मिले। कोई भी पशु बीमार नहीं पाया गया। सीडीओ ने केयर टेकर और ग्राम पंचायत सचिव से भूसा स्टॉक और हरे चारे की नियमित आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। कहा कि रिकॉर्ड में दर्ज संख्या और मौके पर मौजूद गोवंश में कोई अंतर नहीं होना चाहिए।

# अवैध खनन रोकने के लिए बनेगा चेक गेट मिनी कमांड सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यूपी-उत्तराखंड बार्डर पर बहेड़ी में चेक गेट, कलेक्ट्रेट में मिनी कमांड सेंटर बनाने को धनराशि जारी
- चेक गेट पर ऐसे कैमरे लगेंगे, जो ट्रक में भरे उप खनिज की श्रेणी की पहचान करने में सक्षम होंगे

**अमृत विचार :** अवैध खनन और बिना परिवहन शुल्क के खनिज लाने पररोक लगाने के लिए उत्तराखंड-यूपी सीमा पर चेक गेट बनेगा। इसकी निगरानी के लिए कलेक्ट्रेट में मिनी कमांड सेंटर बनेगा। इनकी स्थापना के लिए धनराशि जारी कर दी गयी है। यूपी डेस्को को जिम्मेदारी दी गयी है।

जिला खनन अधिकारी मनीश कुमार ने बताया कि खनन निदेशालय की टीम के निरीक्षण के बाद कार्यदायी संस्था यूपी डेस्को चेक गेट लगाने का काम शुरू करेगी। कलेक्ट्रेट में मिनी कमांड सेंटर बनाने के लिए एडीएम प्रशासन से एक कक्ष की मांग की गयी है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि 53 लाख 81508 रुपये की धनराशि यूपी डेस्को को आवंटित कर दी है। कार्यदायी संस्था माई मित्रा चेक गेट व मिनी कमांड सेंटर बनवाएगी। चेक गेट पर वेरी फोकल के दो कैमरे और चार एएनपीआर (स्वचालित नंबर प्लेट पहचान) कैमरे लगेंगे। आरएफआईडी रीडर भी लगेगा। वेरी फोकल कैमरे डंपरों में भरे उप खनिज की दूर से पहचान करने में समक्ष होंगे और एएनपीआर कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट को स्वचालित रूप से स्कैन करके उन्हें डिजिटल टेक्स्ट में बदलने का कार्य करेंगे। इन कैमरों की मॉनीटरिंग मिनी कमांड सेंटर में तैनात कर्मचारी करेंगे।

#### इन थाना क्षेत्रों में अवैध खनन के अधिक मामले

जिले के कई थाना क्षेत्रों में अवैध खनन के मामले ज्यादा आते हैं। इज्जतनगर, भोजीपुरा, बहेड़ी, देवरनिया, कैंट थाना क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अवैध खनन के मामले पकड़े जा चुके हैं। अवैध खनन में सैकड़ों वाहन पकड़े जा चुके हैं।

## आरोग्य मेला : स्वास्थ्य केंद्र पर गंदगी देख सीएमओ नाराज

**बरेली, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने रविवार को आयोजित आरोग्य मेले के दौरान कई स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान परधौली पीएचसी व हेल्थ वेलनेस सेंटर परशुनगला में गंदगी मिली। इस पर उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी दी। सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर 3259 मरीज पहुंचे। सबसे ज्यादा त्वचा के 488 और बुखार के 388 रोगी सामने आए। इसके अलावा खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या भी अच्छी खासी रही।

# मलेरिया व डेंगू से बचाव को छह ब्लॉक पर नजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत टीमें घर-घर दे रहीं दस्तक
- सफाई व घर के आसपास पानी एकत्र न होने की दे रहीं सलाह

**अमृत विचार :** जिले में मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए छह ब्लॉकों के 90 गांवों को चिह्नित कर विशेष निगरानी की जा रही है। इन गांवों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत टीमें घर-घर दस्तक दे रही हैं। बीमारी से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं।

सीएमओ विश्राम सिंह ने बताया कि अब तक जिले में मलेरिया के 9 मरीज सामने आ चुके हैं। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर रही हैं। मलेरिया व डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए दवा का छिड़काव किया जा रहा है। टीमें ग्रामीणों को कूलर और टंकियों की नियमित सफाई करने, मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दे रही हैं। मझगवां,



आलमपुर जाफराबाद, रामनगर, मीरगंज, शेरगढ़, फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉकों में 2025 में सबसे ज्यादा मलेरिया रोगी सामने आए थे। इनमें भी मझगवां में मरीजों की संख्या अधिक थी। यहां गत वर्ष 592 मलेरिया रोगी मिले थे। गांव नौहार हसनपुर में 60 मलेरिया रोगी सामने आए थे। मीरगंज ब्लॉक के गांवों में 500 मलेरिया के मरीज मिले थे।

# नए सब स्टेशन से लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 11.20 करोड़ से सुभाषनगर में बनाए गए सबस्टेशन का जनप्रतिनिधियों ने काटा फीता
- बिजली अफसरों का दावा-आठ हजार उपभोक्ताओं को पहुंचेगा फायदा, मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में बिजली संकट दूर करने को बने नए सबस्टेशन का रविवार को जनप्रतिनिधियों ने नए सबस्टेशन का उद्घाटन किया। अधिकारियों का कहना है कि नए सब स्टेशन से 8 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

सुभाष नगर क्षेत्र में गर्मी केमें उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सामना करना पड़ता था। नाराज उपभोक्ता अक्सर जाम लगाकर प्रदर्शन करते थे। इस मुसीबत को दूर करने के लिए करगैना पुलिस चौकी के पीछे 11.20 करोड़ की लागत से बनाए गए सबस्टेशन का उद्घाटन रविवार को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर डॉ उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ.



नए सब स्टेशन का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

राघवेन्द्र शर्मा, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह ने किया। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि सब स्टेशन शुरू होने से क्षेत्र के लगभग 8000 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्य रूप से रामचंद्रपुरम, बीडीए कॉलोनी, जागृति नगर, साउथ सिटी और सर्वोदय नगर जैसे इलाकों में लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी।

# एआई पकड़ेगी दिमागी बीमारी आईएफ-यूनेट बनेगी सहारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एआई आधारित तकनीक से एमआरआई जांच में बढ़ेगी सटीकता

**अमृत विचार :** आज के दौर में मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन इनका समय पर और सही निदान बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित नई तकनीक आईएफ-यूनेट उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। यह तकनीक दिमाग की एमआरआई तस्वीरों को अधिक स्पष्ट और सटीक तरीके से समझने में मदद करती है जिससे डॉक्टरों को बीमारी पहचानने में आसानी होगी।



हनुमान वर्मा।

बरेली कॉलेज के गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर हनुमान वर्मा के शोध ने उम्मीद जगाई है। शोध के अनुसार यह तकनीक मेडिकल इमेजिंग के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों का अहम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि मस्तिष्क रोगों के सही और समय पर निदान के लिए एमआरआई ब्रेन इमेज की सटीक पहचान बेहद जरूरी होती है। हनुमान वर्मा के मुताबिक, एमआरआई इमेज में आंशिक आयतन प्रभाव के कारण एक ही पिक्सल में अलग-अलग ऊतक शामिल हो जाते हैं जिससे डेटा में अस्पष्टता आ जाती है। वहीं, आईएफ-यूनेट इस समस्या को इंट्यूइशनिस्टिक फजी लॉजिक के जरिए हल करता है। इस मॉडल का परीक्षण इंटरनेट ब्रेन सेगमेंटेशन रिपॉजिटरी (आईबीएसआर) डेटासेट पर किया गया। उनका कहना है कि यह तकनीक अल्जाइमर, ब्रेन ट्यूमर और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों के जल्दी और सटीक निदान में मददगार साबित हो सकती है।

## सिलेंडर के लिए शादी के कार्ड लेकर पहुंच रहे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** गैस संकट के चलते सिलेंडरों की दिक्कत से वैवाहिक कार्यक्रम भी प्रभावित होने लगे हैं। कुछ दिन पहले डीएसओ की तरफ से कहा गया था कि शादी वाले परिवारों की मदद की जाएगी और उन्हें सिलेंडर दिया जाएगा। इसकी जानकारी होने परही डीएसओ कार्यालय पर लोग शादी के कार्ड लेकर पहुंचने लगे हैं।

एलपीजी गैस संकट के चलते खूब कालाबाजारी हुई। घरेलू सिलेंडर के साथ साथ कमर्शियल सिलेंडर भी महंगे दामों में बेचे गए। बाद में प्रशासन ने सख्ती कर दी। सिलेंडर की दिक्कत के चलते शादियों में खलल पढ़ने लगा है। बीते दिनों डीएसओ ने कहा था की वह शादियों में मदद करेंगे और उनके लिए सिलेंडर की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद से रोज डीएसओ ऑफिस में तमाम लोग बेटा-बेटी की शादी का कार्ड लेकर पहुंच रहे हैं। अब तक 400 से अधिक लोग सिलेंडर की मांग कर चुके है।

# सुरक्षा : क्यूआर कोड से स्कूली वाहनों की डिजिटल निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 तक यूपीआईवीएमएस पोर्टल पर वाहनों का डेटा अपलोड करना जरूरी
- जिले के 94 स्कूलों ने भरा ब्योरा सत्यापन के बाद जारी होंगे खास क्यूआर कोड

**अमृत विचार :** बच्चों के सुरक्षित सफर के लिए स्कूली वाहनों की डिजिटल निगरानी होगी। इसके लिए परिवहन विभाग ने यूपी इंटीग्रेटेड व्हीकल मॉनिटरिंग सिस्टम (यूपीआईवीएमएस) पोर्टल को सक्रिय कर दिया है। जिले के स्कूलों के संचालकों को यूजर आइडी, पासवर्ड देकर बस व वैन का पूरा विवरण 15 अप्रैल तक पोर्टल पर दर्ज करना होगा। मानक पूरे होने पर वाहनों पर एक विशिष्ट क्यूआर कोड चिपकाया जाएगा। कोई भी अभिभावक या जांच अधिकारी अपने स्मार्टफोन से इस कोड को स्कैन करके वाहन फिटनेस की वैधता, बीमा की स्थिति व चालक का विवरण देख सकेगा।

एआरटीओ डॉ. पीके सरोज के अनुसार इस नई व्यवस्था का सबसे क्रांतिकारी और महत्वपूर्ण हिस्सा क्यूआर कोड प्रणाली है। पोर्टल पर वाहनों के दस्तावेज जैसे रजिस्ट्रेशन, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, परमिट, और प्रदूषण प्रमाणपत्र अपलोड किए जाएंगे। चालक का लाइसेंस, उसका पुलिस सत्यापन और वाहन में सुरक्षा मानकों जैसे जीपीएस व सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का विवरण भी देना होगा। एक बार डेटा फीड होने के बाद परिवहन विभाग की टीम इन वाहनों का भौतिक निरीक्षण करेगी, जो वाहन मानकों पर पूरी तरह फिट पाए जाएंगे, उनके आगे और पीछे एक विशिष्ट क्यूआर कोड चिपकाया जाएगा। जिले के 94 विद्यालयों ने अपने वाहनों का विवरण पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।



> यदि कोई स्कूल वाहन संचालित नहीं कर रहा है तो भी उसे इस संबंध में एक घोषणापत्र देना होगा। फीडिंग के बाद वाहनों का निरीक्षण कर क्यूआर कोड जारी किया जाएगा, जिससे अभिभावकों को भी पारदर्शी जानकारी मिल सके। यह पहल बच्चों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी।
>
> -पंकज सिंह, आरटीओ प्रशासन

# उच्च न्यायालय ने किए पांच एडीजे के तबादले

विधि संवाददाता, बरेली

- तीन आए, कई मजिस्ट्रेट भी बदले

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रविवार को अधिसूचना जारी कर जजों की वार्षिक ट्रांसफर पोस्टिंग की लिस्ट जारी की। बरेली में एडीजे के पद पर कार्यरत 5 जजों का अन्य जनपदों में ट्रांसफर हुआ, वहीं तीन जजों की बरेली में पोस्टिंग की गयी है।

हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल मनजीत सिंह की ओर से जारी सूची में बरेली से एडीजे कुमारी अफशां को हमीरपुर, कुमार मयंक को प्रयागराज, तबरेज अहमद को बुलंदशहर, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी को हरदोई, देवाशीष को झांसी भेजा गया है, वहीं आजमगढ़ में तैनात संतोष कुमार यादव व उनकी पत्नी संदीपा यादव व गोंडा में तैनात रहीं नम्रता अग्रवाल को बरेली भेजा है। इसके अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर की अलका पाण्डेय, पारस यादव, श्वेता तिवारी को क्रमशः श्रावस्ती, देवरिया, फर्रुखाबाद व रेलवे मजिस्ट्रेट आकाश वर्मा को कानपुर नगर भेजा है। वहीं, सीतापुर में तैनात अनामिका सिंह को एसीजेएम रेलवे एनआर बनाया है, उनके पति अभिनव श्रीवास्तव को भी बरेली भेजा है। कैराना शामली से प्रशांत कुमार सिंह भी बरेली भेजे गये हैं। सिविल जज जूनियर डिवीजन रैंक के बरेली में तैनात न्यायिक अधिकारियों में मंजुला मिश्रा व रेखा रावत को क्रमशः कन्नौज व एटा भेजा है। बरेली, बहेड़ी मुंसिफ कोर्ट में तैनात रहे मजिस्ट्रेट अरून कुमार पाण्डेय, शेखर अग्रवाल को क्रमशः बल्लिया व मेरठ में तैनाती दी गयी है।

# आंधी-बारिश का खतरा टला नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय तापमान में 3-5 डिग्री तक गिरावट की संभावना

**अमृत विचार :** जिले में मौसम लगातार रहा है। दिन में तेज धूप तो शाम को आंधी-बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार 7 से 9 अप्रैल के बीच बरेली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के मुताबिक मध्य पाकिस्तान और पंजाब के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवाती परिसंचरण के असर से फिलहाल तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 6 अप्रैल को मौसम में आंशिक सुधार के चलते तापमान में हल्की बढ़त होगी लेकिन 7 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के साथ मौसम फिर बिगड़ने लगेगा। 8 अप्रैल को इसका प्रभाव पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा। 9 अप्रैल तक बारिश और तेज हवाओं का असर जारी रह सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल से मौसम शुष्क हो जाएगा। विशेषज्ञों ने किसानों और आम लोगों को इस दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### अंधड़ से खेतों में बिखरी अन्नदाता की मेहनत

**बरेली, अमृत विचार :** तेजी आंधी के साथ आई बारिश ने जिले के गेहूं किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई जगहों पर गेहूं की फसल बिछ गई। पानी में भीगने के कारण गेहूं का दाना काला पड़ने की आशंका है। इससे गेहूं उत्पादन पर असर पड़ेगा। किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिले में करीब पौने दो लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती होती है। शनिवार को आंधी और बारिश ने गेहूं फसल को नुकसान पहुंचाया। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी बताती हैं कि तेज हवा और बारिश का पकी फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यदि अगले 48 घंटों में फिर से मौसम बिगड़ा तो स्थिति खराब हो सकती है। वहीं, नवाबगंज के प्रगतिशील किसान सर्वेश कुमार बताते हैं कि फसल गिरने से अब कंबाइन मशीनें काम नहीं कर पाएंगी। किसानों को अब हाथों से कटाई करानी पड़ेगी, जिससे मजदूरी का खर्च दोगुना हो जाएगा और उत्पादन में कम से कम 30 से 40 प्रतिशत की गिरावट तय है। कहा कि भीगा हुआ गेहूं सरकारी केंद्रों के मानकों पर खरा नहीं उतरेगा, जिससे किसानों को निजी आढ़तियों के हाथों औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर होना पड़ेगा। इधर, खाद्य एवं विपणन विभाग ने एक अप्रैल से गेहूं खरीद के लिए 137 केंद्र खोले हैं, लेकिन मौसम की मार के चलते केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जिला कृषि अधिकारी ने सलाह दी है कि जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, वे तुरंत टोल फ्री नंबर पर सूचना दें, ताकि नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाया जा सके।





# गलत ओवरटेक बनी काल, हाईवे खून से लाल

## बाइक को रोंदती हुई टैंकर में पीछे से टकराई गाड़ी के परखच्चे उड़े, एयरबैग भी नहीं बचा सके जान, हादसे के बाद बाईपास पर जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली पर हाईवे पर भीषण हादसे की वजह सामने आने लगी हैं। पुलिस और आरटीओ की शुरूआती जांच में एक्सीडेंट का कारण कार की ओवर स्पीड और ड्राइवर का नियंत्रण खोने की बात सामने आई है। ओवरस्पीड कार बाइक सवारों को रोंदती हुई सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकराई थी। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। एयरबैग खुलने के बाद भी कार सवार तीन लोगों की जान नहीं बचा सके। कार फंसे लोगों को पुलिस व फायर बिग्रेड की टीमों ने बॉडी काटकर बाहर निकाला।

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी सिटी मानुष पारीक, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार के निर्देश पर पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार, ट्रक व बाइक को मौके से हटवाकर जाम खुलवाया। कार में ड्राइवर की सीट के बराबर में बैठक युवक बुरी तरह अंदर फंस गया था। उसे बाहर बाहर निकालने पुलिस को देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ा। आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा और ए आरटीओ वैभव सोती भी विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी जुटाई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि हादसे के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी। ऐसा लगता है कि ओवरस्पीड होने से कार चालक नियंत्रण खो बैठा और इतनी बड़ी अनहोनी हो गई। बोलेरो कार के अगले हिस्से के तो एक्सीडेंट में परखच्चे ही उड़ गए। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार से घायलों को निकालकर तुरंत ही अस्पताल पहुंचा गया, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। फायर ब्रिगेड को रेस्क्यू के दौरान कार की बॉडी काटनी पड़ी। सरिया हथौड़ा की भी मदद ली गई। कार में फंसे तीसरे व्यक्ति को अस्पताल में डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


हादसे के बाद मौके पर पहुंचे आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा व एआरटीओ वैभव सोती। ● अमृत विचार


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त टैंकर को क्रेन से हटवाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे, बॉडी काटकर निकाले गए शव

### अफसर बोले

प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण बोलेरो की अत्यधिक गति, गलत ओवरटेकिंग एवं चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोना प्रतीत होता है। दुर्घटना में सम्मिलित सभी वाहनों के प्रपत्र वैध पाए गए हैं। घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा विस्तृत आख्या शीघ्र प्रेषित की जाएगी।

–**प्रणव झा**, संभागीय परिवहन अधिकारी, बरेली

सीबीगंज क्षेत्र में हुए हादसे की मुख्य वजह अभी तक की जांच में ओवर स्पीड ही आया है। मौके पर पहुंचकर एक्सीडेंट के पहलुओं पर छानबीन की थी। सीबीगंज पुलिस हादसे की विस्तृत जांच करेगी।

– **मो. अकमल खान**, एसपी ट्रैफिक


बड़ा बाईपास हादसे की जांच करती पुलिस।


घायल प्रिंस अस्पताल में भर्ती। ● अमृत विचार


सड़क हादसे में घायल बच्चों को मिनी बाईपास स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### बुकिंग पर कार चलाता था जेल से छूटा मनमोहन

**फरीदपुर अमृत विचार :** बड़ा बाईपास पर हादसे में फरीदपुर क्षेत्र के गांव टांडा सिकंदरपुर निवासी मनमोहन सिंह (22) की जान भी चली गई। हत्या के मामले में वह जेल से जमानत पर छूटा था और बाहर आकर कार बुकिंग पर चलाने लगा था। अनहोनी का पता होते ही परिवार के लोग जिला मुख्यालय पहुंच गए। टांडा सिकंदरपुर निवासी मनमोहन सिंह और उसके पिता नत्थूलाल सिंह पर गांव के टाकन लाल मौर्य की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या का आरोप था। उस मामले में पिता-पुत्र दोनों सलाखों के पीछे पहुंचे थे। अक्टूबर में मनमोहन जेल से छूटकर बाहर आया था। पैसे कमाने को वह बुलेरो कार लेकर बुकिंग में चलाने लगा था। देर शाम बरेली में बाईपास पर हुए कार हादसे में मनमोहन की मौत की खबर गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। परिवार के लोगों को आज नहीं पता था कि मनमोहन बुकिंग पर कार लेकर कहां गया है। अनहोनी का पता होते ही घरवाले मुख्यालय दौड़ गए।

### मछली मारने जा रहे बाइक सवार बने शिकार

सीबीगंज क्षेत्र के गांव अटाकायस्थान निवासी साहबजाद खान और मुमताज मछली का शिकार करने के लिए बाइक से जा रहे थे। वह दोनों भी हाइवे पर हुए हादसे में कार सवार तीन लोगों के साथ अपनी जान गवा बैठे। बताया जा रहा है कि कार उनको टक्कर मारकर टैंकर से टकराई थी। हादसे की खबर सुनकर परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। साहबजाद और मुमताज की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

## बेमौत मौतें: सिर्फ ड्राइवर नहीं मनहूस हादसों के लिए सिस्टम भी जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजूकेशन के चेयरमैन डॉ. रोहित बलूजा ने हाल में कहा था कि यूपी में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश इसलिए नहीं लग पा रहा, क्योंकि हादसों के लिए सिर्फ ड्राइवरों को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। बरेली-दिल्ली हाईवे पर रविवार को हुए मनहूस हादसे को देखकर कड़वी सच्चाई बखूबी समझी जा सकती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीमकाय टैंकर को खड़ा कर जैसे हादसे का ही इंतजार किया जा रहा था। अचानक ओवर स्पीड कार बेकाबू होकर टैंकर में जा धंसी और हड़बड़ी में पीछे से बाइक सवार भी उससे टकरा गए। नतीजा, 5 इंसानों की जान चली गई, जबकि कुछ अस्पताल में मौत से जूझ रहे हैं। हादसे हुआ है तो शोर भी उठेगा, लेकिन ऐसी अनहोनियों के पीछे के कारण भी सबको समझने चाहिए।

### सड़क हादसे के कारण

- स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्सीडेंट की वजह बने टेंकर से कल हादसा हुआ था और पुलिस ने उसे हाइवे किनारे से हटवाया नहीं था।
- गोरखपुर नंबर कार UP53EN/6693 की स्पीड हादसे के समय अधिक मानी जा रही है, बरेली में नेशनल हाइवे पर वाहनों स्पीड लिमिट की निगरानी जीरो नजर आती है, जिले में ओवरस्पीड गाड़ियों के चालान न के बराबर हैं।
- दुर्घटनाग्रस्त कार पुरानी नहीं थी, सेफ्टी के लिए आगे दो एयरबैग भी थे, लेकिन हादसा इतना भीषण कि एयरबैग भी फट गए और इतनी बड़ी अनहोनी हो गई।
- जिले में सड़कों किनारे ट्रक-टैंकर, ट्रैक्टर ट्रालियां अक्सर ऐसे ही खड़े नजर आते हैं, पुलिस, ट्रैफिक टीमें या आरटीओ सख्ती नहीं करते दिखते। हादसे का एक यह कारण भी है। इन्वर्टिस तिराहे पर ट्रक से टकराकर रोडवेज बस में आग लगने से 24 लोगों की जान गई थी, खूनी तिराहे के हालात आज भी जानलेवा हैं।

### सेफ्टी पर सवाल : यूपी के अंदर सबसे ज्यादा एक्सीडेंट में मौतें, लगातार बढ़ रहे हादसे

यूपी सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है और यहां हादसों की संख्या भी देश में सबसे ज्यादा है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो 2025 में राज्य के अंदर 50,769 हादसे रिकार्ड किए गए। 2024 में 46052 दुर्घटनाएं हुई थीं, जो 2025 में और ऊपर चली गईं। पिछले साल मृतकों की संख्या बढ़कर 27205 और घायलों की संख्या भी 38869 दर्ज हुई। क सरकार के आदशों पर हादसे रोकने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह-माह पर काम भी होता है, लेकिन विभागों में तालमेल व जमीनी प्रयासों की कमी के चलते इंसानी मौतें और घायल होने के आंकड़े बढ़ते जाते हैं। जैसे कि सड़क सुरक्षा पर कार्य करने में बरेली जिले ने 20 प्रतिशत हादसे, मृतक व घायलों में कमी के दावे थे। बरेली की तरह मुजफ्फरनगर, बलिया, फिरोजाबाद, बिजनौर, कौशांबी व देवरिया ने घटनाएं कम हाने और सीतापुर, उन्नाव, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद, बाराबंकी, रायबरेली में हादसे बढ़ने की बात कही गई थी।




## सैटेलाइट हादसा: जांच में पांच गुनहगार, अब कार्रवाई का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- दो जेई और सफाई निरीक्षक पर कार्रवाई का शासन स्तर से लिया जाएगा निर्णय

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस स्टैंड के पास खुले नाले में गिरकर युवक की मौत मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद सबकी निगाहें दोषियों पर होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। नगर निगम की जांच कमेटी ने ठेकेदार समेत पांच लोगों को दोषी ठहराया है। इसमें सफाई निरीक्षक और दो अवर अभियंताओं पर शासन स्तर से कार्रवाई करने की बात की जा रही है, जबकि सुपरवाइजर पर नगर आयुक्त के स्तर से विभागीय कार्रवाई होना बताया जा रहा है।

घटना 24 मार्च की रात की है, जब हरदोई निवासी तौहीद नाले में गिर गया था। करीब 30 घंटे बाद उसका शव नाले से बरामद किया था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने 10 दिन में रिपोर्ट सौंपते हुए निर्माण विभाग के दो जेई, सफाई निरीक्षक और सफाई नायक को दोषी पाया है। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी की थी। नाले को ढकने या चेतावनी के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। अब ठेकेदार की फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की बात कही जा रही है वहीं, जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन स्तर से सफाई निरीक्षक और निर्माण विभाग के दो जेई का निलंबन और स्थानीय स्तर पर सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबन और दंड की प्रक्रिया अपनाने की बात कही जा रही है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि कमेटी ने जांच रिपोर्ट में भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए कई सुझाव दिए हैं, जैसे नालों को ढकना, चेतावनी बोर्ड लगाना और नियमित निगरानी शामिल हैं। रिपोर्ट सोमवार को शासन में भेजी जाएगी ताकि जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो सके। जांच रिपोर्ट को लेकर नगर निगम के निर्माण, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## पुलिस ने 95 स्थानों से उतरवाए लाउडस्पीकर

**बरेली, अमृत विचार:** एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और शासन की और से निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए शनिवार को व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 892 स्थानों का निरीक्षण किया गया।

निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर 193 स्थानों पर लाउडस्पीकरों की आवाज को मानक के अनुरूप कम कराया गया, जबकि 95 स्थानों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उतरवा लिया गया। पुलिस ने इस दौरान आमजन को ध्वनि प्रदूषण के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य में इनका कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की। अभियान के तहत सर्वाधिक कार्रवाई भोजीपुरा, फरीदपुर और शेरगढ़ जैसे क्षेत्रों में देखने को मिली।

## गोतस्कर से साठगांठ पर सिपाही को सस्पेंड किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 19 मुकदमे वाले अपराधी राजू कुरैशी को पुलिस ने पिछले दिनों भेजा था जेल
- सिपाही ने बीट रजिस्टर में नहीं किया था अंकन, एएसपी की जांच में निकला दोषी

**अमृत विचार :** जनपद में अपराध और अपराधियों के प्रति ''जीरो टॉलरेंस'' की नीति अपनाते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी ने भोजीपुरा थाने में तैनात आरक्षी विशु को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई आरक्षी की और से एक शातिर गोतस्कर के प्रति शिथिलता बरतने और तथ्यों को छुपाने के गंभीर आरोपों के आधार पर की गई है। इस आदेश के साथ ही संबंधित आरक्षी के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

मामला थाना भोजीपुरा में पंजीकृत गोवध निवारण अधिनियम के एक पुराने मुकदमे से जुड़ा है। पुलिस ने 14 फरवरी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर शातिर अभियुक्त राजू कुरैशी को जेल भेजा था। राजू पर गोकशी सहित कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि यह अपराधी आरक्षी विशु के ही बीट क्षेत्र का निवासी है, इसके बावजूद सिपाही ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखने की जहमत नहीं उठाई। निलंबन की मुख्य वजह आरक्षी द्वारा अपने बीट रजिस्टर में अभियुक्त का नाम का अंकन नहीं करना पाया गया है। उसके लंबे आपराधिक इतिहास की जानकारी होने के बावजूद सिपाही ने उच्चाधिकारियों को निरोधात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट नहीं भेजी। सीओ हाईवे शिवम आशुतोष की जांच रिपोर्ट में इन आरोपों की पुष्टि होने के बाद एसएसपी ने सिपाही को सस्पेंड किया है।

## युवक ने बनाया शादी का दबाव, युवती ने पिया तेजाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 30 अप्रैल को होनी है युवती की शादी, तीन पर मुकदमा दर्ज
- आरोपियों की तलाश में जुटी सुभाषनगर पुलिस

**अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक ने युवती पर शादी का दबाव बनाया। परेशान युवती ने तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। युवती के पिता की तहरीर पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। युवती की शादी 30 अप्रैल को होनी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसके घर के मोबाइल नंबर पर एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल उसकी बेटी ने उठाई। कॉल करने वाले ने खुद को पड़ोस में रहने वाला साहिद रज्जाक बताया। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 30 अप्रैल को होनी है। पड़ोसी साहिद उसकी बेटी पर अपने साथ शादी करने का दबाव बना रहा है जिससे परेशान होकर उनकी बेटी ने 2 अप्रैल की शाम को तेजाब पी लिया। उसे बदायूं रोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

युवती के पिता ने बताया कि अब साहिद का भाई मुसाहिद और पिता याकूब लगातार उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सुभाषनगर पुलिस ने साहिद रज्जाक, मुसाहिद रज्जाक, याकूब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पत्नी व बेटी को पीटकर किया घायल

- पति पर जुआ खेलने का भी आरोप लगाया, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** नशे में युवक ने पत्नी व बेटी को पीटकर घायल कर दिया। सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बदायूं रोड स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी प्रीति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति हरेन्द्र शराब पीते हैं। जुआ भी खेलते हैं। आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं।

आरोप है कि शनिवार दोपहर वह खाना बना रही थी, तभी पति ने उनपर हमला कर दिया। उसके हाथ-पैर व आंख में गंभीर चोटें आईं। पति ने 8 साल की बेटी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्मैक तस्करों की 68 लाख की संपत्ति फ्रीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपराध कर अवैध धन अर्जित कर चल-अचल संपत्ति बनाई
- इज्जतनगर पुलिस ने माफिया और गिरोह पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने स्मैक तस्कर और उसके गिरोह के सदस्यों की 68 लाख की संपत्ति को फ्रीज करने की कार्रवाई की है। इससे पहले पुलिस ने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने जुलाई 2025 में रेलवे आवास के पास पुराने खंडहर के पास से अवैध स्मैक का बनाते हुए अकरम, आसिफ निवासी फतेहगंज पश्चिमी, हारून निवासी ग्राम तिलियापुर थाना सीबीगंज, हाल निवासी मथुरापुर, जावेद व राशिद निवासी मोहल्ला अंसारी फतेहगंज पश्चिमी, अफजाल निवासी एजाजनगर गौटिया थाना बारादरी और उस्मान कुरैशी निवासी मोहल्ला सराय कस्बा फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार किया था। अकरम, जावेद और राशिद स्मैक बनाकर बेचते थे। आरोपियों ने इस तरह अपराध कर अवैध धन अर्जित कर चल- अचल संपत्ति बनाई। थाना इज्जतनगर में इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गैंग लीडर अकरम के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई के तहत 6,150,948 की चल व अचल संपत्ति फ्रीज की गई। जावेद की 557000 और राशिद की 92646 रुपये की चल -अचल संपत्ति को फ्रीज किया गया।


तस्करों की संपत्ति फ्रीज करने की कार्रवाई करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. अंबेडकर जन्मदिवस पर होंगे भव्य कार्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर प्रेमनगर स्थित वाल्मीकि साधु आश्रम में कार्यक्रम होंगे। रविवार को आश्रम में बैठक की अध्यक्षता करते हुए भगवान दास ने बताया कि विचार गोष्ठी, भजन संध्या, मेधावी छात्र सम्मान व कवि सम्मेलन आदि होंगे। पुस्तकों के अलावा प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के स्टॉल भी लगेंगे। सूचना विभाग डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित प्रदर्शनी लगाएगा। महामंत्री योगेश कुमार बंटी, संरक्षक पूरण लाल प्रजापति, पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन दक्ष शर्मा पाराशर, केंद्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य मनोज थपलियाल, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, अरविंद वाल्मीकि, चौधरी भगवान दास, दिनेश सत्संगी, विशाल बिन्दु, वेदप्रकाश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### 15 को पदभार लेंगे नवाबगंज मुंसिफ कोर्ट के न्यायिक अधिकारी

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज की मुंसिफ कोर्ट को आखिरकार नया अधिकारी मिल गया है। छह माह बाद इस पद पर अब अरुण गौतम की तैनाती की गई है, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों में राहत की उम्मीद जगी है। रविवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार, करनैलगंज (गोंडा) के ग्राम न्यायालय में तैनात न्यायिक अधिकारी अरुण गौतम को नवाबगंज मुंसिफ कोर्ट का दायित्व सौंपा गया है। उनके 15 अप्रैल के बाद कार्यभार ग्रहण करने की चर्चा है।

### बंटवारे को लेकर मां बहन को पीटा, रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : नगर पंचायत ढिरिया निजावत खां वार्ड नंबर 10 निवासी शमां परवीन पुत्री मसीत बेग ने बताया, कि शनिवार को सुबह उसका भाई महबूब बेग अपनी पत्नी फक्ते बिन्ते रसूल उर्फ़ गुड़िया के साथ घर पर आया और बंटवारे को लेकर गाली गलौज करते हुए उसे व उसकी मां को लाठी डंडों से पीटने लगा। पीड़िता ने कैंट थाने में आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### वार्ड में कराए विकास कार्यों की रिपोर्ट पेश की

फरीदपुर अमृत विचार : वार्ड नंबर 54 के अन्तर्गत दीपक सेठ द्वारा चार करोड़ से कराए गए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, प्रतिनिधि जिला पंचायत बरेली प्रशांत पटेल, राजा सेठ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 'गौहत्या रोकने को सरकारों ने कदम नहीं उठाए'

## बरेली पहुंचे जगद्गुरु अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बोले, आंकड़ों में यूपी के अंदर लगातार गाय कम हो रहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पत्रकारों से वार्ता करते जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती।

- 5 मई से प्रत्येक विधानसभा में हिंदुओं के बीच जाकर गायों को संरक्षित करने को प्रेरित करेंगे
- ऋषिकेश जाने के दौरान शहर में किया प्रवास, पत्रकारों से बातचीत में कही बातें

**अमृत विचारः** शहर पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया कि गोहत्या रोकने को किसी पार्टी-सरकार ने कुछ नहीं किया है। भाजपा, सपा, कांग्रेस सब एक जैसे हैं। हमारे लिए योगी-अखिलेश समान हैं। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह अपने जिले में ही गौ हत्या नहीं रोक पा रहे हैं। आगामी चुनाव में जो भी पार्टी शपथपत्र के साथ घोषणापत्र में गायों के संरक्षण एवं बूचड़खाने बंद करने, गो हत्या रोकने की घोषणा करेगी, उसी पार्टी का समर्थन करेंगे।

ऋषिकेश जाते हुए डोहरा रोड स्थित देवभूमि आईटीआई में रुके अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार सुबह पत्रकार वार्ता की। कहा-गायों की हत्या,गो मांस बिक्री और बूचड़खाना को लेकर सरकार को घेरा। बोले-यूपी में गो हत्या बंद नहीं हो पा रही हैं। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह बरेली के ही हैं, यहां भी मामले सामने आ रहे हैं। 2019 की पशुगणना के आधार पर यूपी में 4.8 प्रतिशत गाय कम हुई हैं। यूपी सरकार को 40 दिन में गायों की हत्या बंद कराने का समय दिया कि जो गड़बड़ी है उसमें सुधार कर लें लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हिंदू राष्ट्र घोषित करने से पहले गो हत्या जैसे महापाप को बंद कराना होगा। उन्होंने कहा कि वह 5 मई से राज्य की प्रत्येक विधानसभा में हिंदुओं के बीच जाएंगे और गायों की रक्षा के लिए प्रेरित करने के साथ आगामी चुनाव में सनातन समाज से उसी पार्टी को वोट देने की अपील करेंगे, जो पार्टी गायों की हत्या रोकने को प्राथमिकता देगी।

### शंकराचार्य बोले, पंडित राधेश्याम कथावाचक ने बरेली की माटी को गौरवान्वित किया

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि वह वाराणसी से दिल्ली होते हुए ऋषिकेश जा रहे हैं। भगवान ब्रदीनाथ जी का ग्रीष्मकालीन पट खुलने वाला है। ज्योति के तेल का घड़ा है, वह राज परिवार टिहरी से ऋषिकेश आया है। इस बार समिति ने बुलाया है। जाते समय यह बात मन में आई कि बरेली पंडित राधेश्याम कथावाचक की नगरी है, उन्होंने अपने कर्म से बरेली को गौरव प्रदान किया। यहां के विद्वानों ने सनातन धर्म से जोड़ा है, इसलिए बरेली में रुकने का मन बनाया। सुबह आल इंडिया मजलिस के लोग आए और गो माता को राष्ट्र माता घोषित कराने की मांग की।

### सिलेंडर पांच हजार का मिल रहा

ईरान- इजराइल व अमेरिका के बीच वर्चस्व के लिए युद्ध हो रहा है, इसका दंश भरत सहित कई देश झेल रहे हैं। लोग गैस के लिए परेशान हैं। पांच हजार रुपये का एक सिलेंडर मिल रहा है, लोग चूल्हा जलाने के लिए मेहनत की कमाई इसमें खर्च कर रहे हैं। विश्व के नेता, व्यक्ति या संस्था क्यों निकलकर सामने नहीं आ रहे। विद्वान भी चुप बैठे हैं। प्रधानमंत्री को भी देशवासियों के लिए आवाज उठानी चाहिए।

# एसएसपी ने गूगल मीट से की अपराध, जनसुनवाई समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

- महर्षि कश्यप जयंती जुलूस मार्ग का निरीक्षण करने को कहा
- अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

**अमृत विचारः** एसएसपी ने शनिवार की रात गूगल मीट के माध्यम से अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने महर्षि कश्यप जयंती जुलूस मार्ग का निरीक्षण, आगामी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के तहत प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए प्रकाश एवं सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही अपराधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने जनसुनवाई डेस्क पर आने वाले प्रार्थना पत्र की समीक्षा करके लंबित शिकायतों के निस्तारण को कहा। 90 दिन से अधिक लंबित विवेचनाओं का निस्तारण सीओ को कराने के निर्देश दिए। ई समन की लंबित प्रकरणों के निस्तारण के भी निर्देश दिए। यक्ष एप पर महत्वपूर्ण घटनाओं से संबंधित बीट सूचना की फीडिंग सीओ द्वारा अपने पर्यवेक्षण में शीघ्र कराए जाने को कहा। गोकशी से संबंधित अपराधियों का सत्यापन, निरोधात्मक कार्रवाई, वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के अलावा अन्य डाटा यक्ष एप पर फीड करने को कहा। वहीं, नकबजनी, चोरी, लूट एवं वाहन चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों के खिलाफ सत्यापन के निर्देश दिए। ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) चेकिंग अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। वही मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों और दुकानों की चेकिंग को भी कहा।

# सपा की मासिक बैठक में बूथ मजबूती पर जोर



महर्षि कश्यप व निषाद राज के के चित्र पर पुष्प अर्पण करते सपाई। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महर्षि कश्यप-और निषाद राज गुह्य की जयंती भी मनाई
- पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नए प्रदेश सचिव गोपाल का स्वागत

**अमृत विचारः** सपा की मासिक बैठक में बूथ जीतो का नारा उठाते हुए पदाधिकारियों ने चुनावी तैयारियों में जुटने की अपील की। इस दौरान महर्षि कश्यप और निषाद राज गुह्य की जयंती भी मनाई गई।

महानगर अध्यक्ष ने शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि हाईकमान के निर्देश पर उन बूथों पर विशेष ध्यान देना है, जहां पूर्व में पार्टी कमजोर रही। कार्यकर्ता-पदाधिकारी जनता के दिलों में जगह बनाएं। शिक्षक एमएलसी चुनाव में नए वोट बनवाने और सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नए प्रदेश सचिव गोपाल कश्यप का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। संचालन महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। इंजी. अनीस अहमद, राजेश अग्रवाल, संजीव सक्सेना, डॉ. अनीस बेग, संजीव यादव, राजेश मौर्य, गौरव सक्सेना, प्रमोद बिष्ट, समर्थ मिश्रा, हरिओम प्रजापति, सुरेन्द्र मिश्रा, गोपाल कश्यप, आदि मौजूद रहे।

# मशरूम से आय बढ़ाने के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर के गांव रजपुरा माफी और भोजीपुरा के गांव परधौली में किसानों को ओयस्टर मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्लांट साइंस विभाग एवं जीएफई इंटरप्राइजेज की ओर से आयोजित किया गया।

एसोसिएट प्रो. डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने किसानों को मशरूम उत्पादन की तकनीक, देखभाल और बाजार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट राजमणि सिंह ने योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को मशरूम के बैग बनाकर सिखाए गए और उन्हें निशुल्क वितरित किए गए। शिविर में करीब 200 किसानों ने भाग लिया।

# क्राउन वॉरियर्स ने ब्लेजिंग स्ट्राइकर्स से जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ट्राफी के साथ विजेता टीम क्राउन वॉरियर्स। ● अमृत विचार

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 'गर्ल्स क्रिकेट लीग-बॉल वायरस का हुआ फाइनल

**अमृत विचारः** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में एमबीबीएस-2024 बैच की ओर से 'गर्ल्स क्रिकेट लीग-बॉल वायरस 2026 के फाइनल में क्राउन वॉरियर्स ने ब्लेजिंग स्ट्राइकर्स को हराया।

क्राउन वॉरियर्स की कप्तान अविषी दूबे , निकिता शर्मा, कनक तिवारी, इशिता चौधरी, देवांशी गुप्ता, ओजस्वी गुप्ता, निहारिका रस्तोगी, स्तुति राठौर, अनन्या तिवारी, अनम नागर और अंशिका शर्मा ने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेता टीम को लीग ट्रॉफी के साथ स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उप विजेता टीम 'ब्लेजिंग स्ट्राइकर्स' की कप्तान अंशिका गंगवार ने तनिष्का गंगवार, सौम्या हर्षिता रघुवंशी, आशी मिश्रा, कसक गोयल, पूजा यादव, अंबिका सिंह, सोनाक्षी अग्रवाल, कल्पना कुमावत, अंकिता मंजनुमान और माहेनूर खान के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। टीम को रजत पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रजनीश पठानिया व आईएमए एमएसएन आरएमसीएच यूनिट का मार्गदर्शन रहा। डॉ. सुजॉय मुखर्जी, डॉ. रश्मि कत्याल, डॉ. इरम शैफाली, स्वर्णावो सेन, शिवम त्रिवेदी, संस्कार चौरसिया, देवाशीष चक्रवर्ती, जीत पटेल, यशिका गुप्ता, आरोषी महेश्वरी, ऋतिका पाल सूर्यवंशी, जयंतिका निगम, अन्निर्बन दत्ता, अभिनव झांगड़ा, हर्ष शुक्ला, अंशुल चहल और तनिष्का वर्मा का सहयोग रहा। गगन चंडी और प्रियांशु सक्सेना ने कमेंट्री की। संचालन अंपायर्स स्मृति प्रकाश धुपल, कनिष्क चौबे और सक्षम चहल ने किया। मॉडरेटर्स में निकिता शर्मा, सौम्या हर्षिता रघुवंशी, स्मृति प्रकाश धूपल, सक्षम चहल और कुशल वार्ष्णेय ने अहम भूमिका निभाई। डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. शोभा मुखर्जी, डॉ. तृप्ति गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. सारंगधर कुमार, डॉ. ताहिर हुसैन अंसारी, डॉ. प्रवीण और डॉ. आशुतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने जजेज इलेवन को मैत्री मैच में 7 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ट्राफी उठाए खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- राजश्री कॉलेज के मैदान में खेला गया क्रिकेट मैच

**अमृत विचार :** राजश्री कॉलेज के मैदान में रविवार को खेले गए मैत्री क्रिकेट मैच में बार ने बेंच को 7 विकेट से हरा दिया।

बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कप्तान मनोज हरित व उप कप्तान बार सचिव दीपक पांडेय ने टॉस जीतकर जजेज इलेवन को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। जजेज इलेवन के कप्तान जिला जज प्रदीप कुमार सिंह एवं उप कप्तान अपर जिला जज तबरेज अहमद के नेतृत्व में टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 188 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सौरभ दुबे ने 45 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बार एसोसिएशन इलेवन ने 17 ओवर में ही 7 विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। राहुल सक्सेना ने 55 रन बनाए। रोहित यादव ने 62 रन और 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। शांतनु मिश्रा ने भी तेजतर्रार पारी खेली।

प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अशरफ अली, शाहिद, एडीजे 1 अफ्शा, अंकिता धामा, मंजुला मिश्रा, सलोनी रस्तोगी, जया प्रदर्शनी, स्वेता तिवारी, रचना रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र कुमार मिश्रा, अमजद सलीम, उदयवीर सिंह यादव, अरुण सक्सेना, इकरार हुसैन, अनिल भटनागर, आलोक प्रधान, सचिन, क्षितिज यादव, अंतरिक्ष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीर : फ्री कोचिंग से 180 युवाओं ने दौड़ में पाई सफलता

**बरेली, अमृत विचार :** 180 युवाओं ने फ्री कोचिंग के जरिये अग्निवीर भर्ती की शारीरिक दक्षता दौड़ में सफलता प्राप्त की है। रेलवे ग्राउंड में संचालित फ्री कोचिंग अकादमी से जुड़े प्रशिक्षक अजय कश्यप ने बताया कि पहली अग्निवीर भर्ती में 300 में 120 युवा चयनि हुए थे। इस बार सभी 180 अभ्यर्थियों का दौड़ पास करना अकादमी की निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। हालांकि अंतिम चयन सूची अभी जारी होना बाकी है। अकादमी निशुल्क प्रशिक्षण देकर करियर बनाने का अवसर प्रदान कर रही है।

# दांतों में चोट लगने से होती हैं कई परेशानियां

**बरेली, अमृत विचार :** दांतों में चोट लगना आम समस्या है, जो अक्सर गिरने, सड़क दुर्घटना या किसी कठोर वस्तु से लगने के कारण हो सकती है। बच्चों में इसका खतरा अधिक रहता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि खेलते समय गिर जाने, कठोर वस्तु से टकराने, बाइक या साइकिल से गिरने, खेलों में बिना सुरक्षा उपकरण के भाग लेने के कारण दांतों में चोट लग सकती है। इन समस्याओं से दांत हिलने या टूट जाने, मसूड़ों से खून आने, दांत में तेज दर्द या संवेदनशीलता, दांत का रंग बदल जाने व मुंह खोलने या चबाने में परेशानी हो सकती है। यदि दांत टूट जाए तो उस हिस्से को संभालकर रखें और तुरंत दंत चिकित्सक को दिखाएं। खून बहने के दौरान साफ कपड़े या गॉज से हल्का दबाव डालें। सूजन कम करने के लिए ठंडी सिकाई कर डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें। दांत पूरी तरह निकल जाए तो उसे दूध या साफ पानी में रखकर तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं। टूटा हुआ दांत भराई (फिलिंग) या कैप से ठीक किया जा सकता है।

# खालसा साजना दिवस पर होंगे धार्मिक आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** खालसा साजना दिवस (वैसाखी पर्व) के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कि जाएंगे। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु गोबिंद सिंह नगर (मॉडल टाउन) एवं खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड पर 15 अप्रैल तक विविध आयोजन होंगे।

कार्यक्रमों की शुरुआत श्री अखंड पाठ साहिब से हो गई, जो 15 अप्रैल को अमृत संचार के साथ संपन्न होगी। 7, 8, 10 और 13 अप्रैल को विभिन्न प्रसिद्ध रागी जत्थों द्वारा कीर्तन दरबार सजेंगे, जिनमें देश-विदेश से आए कीर्तनकार संगत को निहाल करेंगे। 11 अप्रैल को स्त्री सत्संग सभाओं द्वारा गुरमति दीवान, 12 अप्रैल को प्रभात फेरी और रात में राग दरबार का आयोजन होगा। 14 अप्रैल को खालसा ग्राउंड में मुख्य दीवान आयोजित किया जाएगा, जबकि 15 अप्रैल को अमृत संचार होगा। प्रबंध समिति ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में गुरु का लंगर निरंतर चलेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। अमरजीत सिंह बख्शी, गुरुदीप सिंह बग्गा, परमजीत सिंह ओबराय, कुलजीत सिंह सलूजा, राजेंद्र सिंह, एमपी सिंह, मंदीप सिंह, गुरदर्शन सिंह, अमनदीप सिंह, प्रभजोत सिंह, जसपाल सिंह आदि मौजूद रहें।

## सिटी डायरी

### 'साहिर तेरी याद में' कार्यक्रम में गूंजे सदाबहार गीत




बरेली, अमृत विचार : महान गीतकार साहिर लुधियानवी की स्मृति में गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी ने कार्यक्रम बरेली क्लब में आयोजित किया। कार्यक्रम में साहिर के गीत गाकर श्रद्धांजलि दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक सक्सेना और सचिव अरुण शर्मा ने बताया कि साहिर लुधियानवी ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गीत दिए। दो बार फिल्म फेयर अवॉर्ड के साथ 1971 में पद्मश्री से सम्मानित हुए थे। हर सप्ताह जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मुख्य अतिथि साधना मिश्रा और विशिष्ट अतिथि राजेश अग्रवाल रहे। कैलाश चंद्र शर्मा, रतन शर्मा, परविंदर होरा, नविंद्र कुमार, नीरज टंडन, विकास जौहरी, एसपी ओबेराय, गुरदीप भिंडर सहित कई कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने प्रस्तुतियां दीं। संचालन अजय राज शर्मा ने किया।

### इंश्योरेंस पेंशन संगठन ने दिया अपग्रेडेशन पर जोर




बरेली, अमृत विचार : जनरल इंश्योरेंस पेंशन संगठन की स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आम सभा में पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। दिल्ली से आए नॉर्दर्न जोन के वरिष्ठ पदाधिकारियों आरएस टुटेजा, श्याम माथुर, रजनीश पांडे, कुलतरण सिंह और वीके शर्मा ने पेंशनर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। संगठन ने सरकार से पेंशन अपग्रेडेशन लागू करने और 80 वर्ष की आयु के बाद पेंशन में बढ़ोतरी की मांग दोहराई। कार्यक्रम में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं और मुरादाबाद के पेंशनर्स ने भाग लिया। इस दौरान पंकज गोयल, अनिल कांत सक्सेना समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डॉ. अनीस बेग ने आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया



बरेली, अमृत विचार : 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना' इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए सपा नेता डॉ. अनीस बेग ने रविवार को बरेली की ऐतिहासिक साझा संस्कृति की खूबसूरत तस्वीर पेश की। डॉ. बेग ने ईस्टर के पवित्र पर्व और महर्षि कश्यप जन्मोत्सव के उल्लास में शामिल होकर शहरवासियों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कैंट स्थित बिशप कैथेड्रल चर्च में आयोजित ईस्टर की विशेष प्रार्थना सभा में डॉ. अनीस बेग ने शिरकत की। बिशप इग्निसीएस डिसूजा ने डॉ. बेग का स्वागत किया। डॉ. बेग ने प्रभु ईसा मसीह के पुनरुत्थान की बधाई दी। वहीं दूसरी ओर, मलकपुर मठिया से शुरू हुई महर्षि कश्यप जन्मोत्सव की शोभायात्रा का डॉ. अनीस बेग ने बिहारीपुर पुलिस चौकी के सामने भव्य स्वागत किया। कैंप लगाकर हजारों श्रद्धालुओं के लिए जलपान व शरबत की व्यवस्था की। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, हुरिया रहमान, समर्थ मिश्रा, इंजीनियर अनीश आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने बाबू जगजीवन राम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प




बरेली, अमृत विचार : जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर बरेली महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से धर्मकांटा स्थित कांग्रेस पिछड़ा विभाग कार्यालय में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष दिनेश द्दा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जैसी विचारधारा वाले नेता मिलना कठिन है। पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार ने कहा कि जगजीवन राम लगभग 50 वर्षों तक संसद में सक्रिय रहे। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि उनकी जयंती को अंतरराष्ट्रीय चेतना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में डॉ मेहंदी हसन, विनोद वाल्मीकि, रमेश श्रीवास्तव, तीरथ मधुकर, अनिल देव शर्मा, रविन्द्र साहरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## सिटी ब्रीफ

### साइकिलिंग से स्वस्थ रहने का दिया संदेश

बरेली, अमृत विचार : साईं सेंटर पर रविवार को साइकिलिंग विद हेल्थकेयर कम्युनिटी कार्यक्रम में स्वस्थ व एकता का संदेश दिया गया। 12 प्रतिभागियों ने 4 किलोमीटर की दूरी साइकिलों से तय की। मुख्य अतिथि कैंटोनमेंट बोर्ड हॉस्पिटल की आरएमओ ने कहा कि साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती है।

### सीता रसोई समिति ने बच्चों को दीं पुस्तकें

बरेली, अमृत विचार : सीता रसोई समिति के तीसरे पुस्तक मेले का उद्घाटन रविवार को प्रमुख सेवादार आशा अग्रवाल और कृष्ण कुमार सिंधवानी ने किया। अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि चार सौ बच्चे पहुंचे। बच्चों को किताबें, स्कूल बैग, कॉपी और पेन नि.शुल्क प्रदान किये। हर्ष अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल, अमित गुप्ता, सौरभ धींगरा, महेंद्र सिंह भाटी, एके आहूजा, अशोक गुप्ता, रमेश अगरवाल, राकेश मथुरिया, अनुराग मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। कनिका मेहरोत्रा ने बताया कि अगला कैंप सीता रसोई भवन पर 12 अप्रैल को लगेगा।

# ईस्टर पर प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की मनाई खुशी

## गिरजाघरों में की गईं विशेष प्रार्थनाएं, विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना कर गीत गाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली



क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में आराधना कराते पास्टर। ● अमृत विचार



क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में आराधना करते मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

- सुबह पांच बजे सनराइज सर्विस से की गई शुरुआत
- नवजात बच्चों का बपतिस्मा भी कराया गया

अमृत विचार: यीशु मसीह के पुनरुत्थान के प्रतीक ईस्टर संडे पर रविवार को शहर के विभिन्न गिरजाघरों में श्रद्धा, उल्लास अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मसीही समाज ने प्रभु के पुनर्जीवित होने की खुशी में विशेष प्रार्थनाएं, भजन-कीर्तन और सामूहिक आराधना कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की।

सिविल लाइंस स्थित क्राइस्ट मैथोडिस्ट चर्च में सुबह पांच बजे सनराइज सर्विस के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गिरजाघर में एकत्र हुए और प्रभु की मुख्य आराधना में शामिल हुए।

पादरी सुनील मसीह ने प्रार्थना कराई, पादरी नंदा ने बाइबल का पाठ किया, जबकि पादरी एडमंड ने विशेष प्रार्थनाएं कराईं। इस दौरान नवजात बच्चों का बपतिस्मा भी कराया गया। प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी में भजन-गीत गाए गए और विशेष आराधना की गई। सैम स्मार्ट, शैलेश स्मार्ट और देवाशीष मार्टिन ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. डोनाल्ड बी लाल ने बताया कि सोमवार को बरेली चर्च एसोसिएशन द्वारा ईस्टर मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

इज्जतनगर के आलोक नगर स्थित इंटरडिपेंडेंट बैप्टिस्ट चर्च में भी ईस्टर पर्व धूमधाम से मनाया गया। सीनियर पास्टर रैव डॉ. विलियम सैमुअल ने अपने संदेश में यीशु मसीह के पुनरुत्थान के महत्व और उसके विभिन्न प्रमाणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मानव जाति के उद्धार और सत्य के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का संचालन रैव. विशाल अरपन सैमुअल ने किया। बाइबिल पाठ सिस्टर अंशिका सैमुअल, विशेष प्रार्थना सिस्टर ललिता सैमुअल व इवेंजलिस्ट राज कुमार सिंह ने कराई, जबकि सिस्टर लविना अर्पिता सैमुअल ने स्तुति आराधना कराई। कार्यक्रम के अंत में चर्च यूथ द्वारा ईस्टर एग, बन, बिस्किट और पाव रोटी वितरित की गई, जो प्रभु के पुनर्जन्म और जीवन के संदेश का प्रतीक माने जाते हैं।

# महर्षि कश्यप जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बरेली, अमृत विचार: संजय नगर चौराहा स्थित महर्षि कश्यप चौक पर रविवार की शाम भगवान महर्षि कश्यप जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में देर रात तक बच्चे धमाल मचाते रहे।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप रहे। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने महर्षि कश्यप द्वार और विश्वविद्यालय बनवाने का आश्वासन दिया। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, विधान परिषद सदस्य बहोरनलाल मौर्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डॉ. विनोद कुमार पागरानी सहित कई जनप्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राकेश कश्यप, राजकिशोर कश्यप, आरके कश्यप, राजेश कश्यप और अन्य पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।



कार्यक्रम में पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, डॉ. उमेश गौतम व अन्य।

# चित्रों में जीवन के उल्लास और विसंगतियों को कूचियों से उकेरा, लोग हो गए मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



यामिनी आर्ट गैलरी में टैलेंट आर्ट अकादमी की प्रदर्शनी में चित्र देखते कलाप्रेमी।

- टैलेंट आर्ट अकादमी की नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन का उद्घाटन

अमृत विचार : टैलेंट आर्ट अकादमी की ओर से 15 वीं नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन का आयोजन रविवार को कैंट स्थित युगवीणा लाइब्रेरी में हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एफडब्ल्यू जेएलए के वाइस चेयरपर्सन शिल्पी सिंह और विशिष्ट अतिथि जेएलए के उप समादेशक कर्नल विशाल सिंह ने किया।

अतिथियों ने चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की स्मारिका का विमोचन किया। आयोजक शिवली खान ने बताया कि प्रदर्शनी में 31 चित्रकारों के करीब 48 चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। चित्रकारों ने चित्रों में जीवन के विभिन्न पहलु, नारी शक्ति, शिव की आदिशक्ति, बेटी-मां की उम्मीद, मंडला आर्ट, भगवान कृष्ण की लीला, औरतों की स्थिति, युद्ध की भयावहता व प्राचीन फोक आर्ट को दर्शाया है। कलाकारों ने चित्रों में जीवन के उल्लास और विसंगतियों को कूचियों के माध्यम से बहुत प्रभावशाली ढंग से उकेरा। समापन सोमवार को एफडब्ल्यू ओजेएलए चेयरपर्सन डॉ. आशिमा कपूर द्वारा किया जाएगा। चित्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। चित्रकार वसीम इंदरीसी, अजीम निदा मंसूरी, रुचि तिवारी, सिद्धि राय, सिम्मी निशा, गुंजन सिंह, गीतू सोनकर, नाहिद बेगम, गुलाब शाह, अनुश्री अग्रवाल, तनुश्री अग्रवाल, मोहम्मद अनीस आदि मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री को अभियान आज से

बरेली, अमृत विचार : जो किसान अब तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाए हैं, उन किसानों के लिए राहत भरी खबर है। डीएम अनिवाश सिंह के निर्देश पर 31 मई तक विशेष अभियान चलाकर डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। किसान अपनी मोबाइल एप, कृषि विभाग के कर्मचारियों, जनसेवा केंद्रों या गांवों में आयोजित होने वाले विशेष कैंपों के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं।

उप निदेशक कृषि हिमांशु पांडेय ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसान की भूमि को उसके आधार कार्ड से लिंक कर एक विशिष्ट आईडी जारी की जाएगी। इस एक आईडी के जरिए किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की बिक्री, गन्ना, उद्यान, मत्स्य और खाद्य विपणन जैसे विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, खतौनी की छायाप्रति और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है।

# ऑरा: फ्यूजन डांस में अनुष्का ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



तकनीकी महोत्सव ऑरा में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- रुविवि में छात्रों ने तकनीकी महोत्सव में नवाचार, कला व कौशल का किया प्रदर्शन
- दूसरे दिन कई प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन, आठ टीमों ने लिया भाग

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफईटी) में तीन दिवसीय तकनीकी महोत्सव ऑरा 2026 के दूसरे दिन रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय दिया।

टेक रंगोली में 8 टीमों के 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें मानवी शर्मा की टीम प्रथम रही। फ्यूजन डांस में अनुष्का सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि भूमिका सिंह द्वितीय और पल्लवी भारती तृतीय स्थान पर रहीं। लोगो डिजाइन में अमन कुमार आर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। टेक क्विज बैटल में मानसी गुप्ता की टीम विजेता रही।

क्रिएटिव राइटिंग में ऋचा प्रथम स्थान पर रहीं। टी-शर्ट पेंटिंग में कृष्णागी ने बाजी मारी। रोबो रेस में एसआरएमएस सीईटी बरेली की टीम धुआंधार ने पहला स्थान प्राप्त किया। डिबगिंग कॉन्टेस्ट में दिव्यांशु की टीम विजेता रही। शतरंज में संगम मिश्रा प्रथम रहे। स्पेल बी में लावी सिंह ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। ब्रिज बिल्डिंग में वैष्णवी गुप्ता की टीम प्रथम रही। सौरभ कुमार यादव को बेस्ट रैंप वॉक (पुरुष), पूजा देवी को बेस्ट रैंप वॉक (महिला), आशुतोष को मोस्ट चार्मिंग पर्सनैलिटी (पुरुष) तथा शुद्धोदना को मोस्ट चार्मिंग पर्सनैलिटी (महिला) का पुरस्कार प्रदान किया गया। डीन प्रो. अर्चना गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# सुनंदा शर्मा के 'तेरे नाल नचना' पर झूम उठे युवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



गीत गातीं सुनंदा शर्मा।



सुनंदा शर्मा के गीतों पर झूमते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- फ्यूचर फेस्टा नवरंग में गीतों पर देर रात तक थिरके छात्र-छात्राएं

अमृत विचार : फ्यूचर यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव फ्यूचर फेस्टा 2026 - नवरंग का समापन रविवार को म्यूजिकल नाइट के साथ हुआ। पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा ने समां बांध दिया। उनके मंच पर आते ही पूरा परिसर सुनंदा-सुनंदा से गूंज उठा और हजारों छात्र झूमने को मजबूर हो गए।

सुनंदा शर्मा ने पटाके, मम्मी नू पसंद, जानी तेरा ना, तेरे नाल नाचना और दूजी वार प्यार जैसे अपने सुपरहिट गीतों से युवाओं का दिल जीत लिया। उनके ऊर्जावान अंदाज और शानदार परफॉर्मेंस ने माहौल को उत्साह से भर दिया। विश्वविद्यालय के चांसलर मुकेश गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। पढ़ाई के साथ संस्कृति से जुड़ाव भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संध्या गुप्ता और प्रो-चांसलर दीप गुप्ता मौजूद रहे।

### झुमका सिटी की दीवानी हुई सुनंदा

फ्यूचर यूनिवर्सिटी के युवाओं के शोर और उत्साह को देख सुनंदा शर्मा भी उल्लास से भर गईं। उन्होंने दर्शकों से कहा कि बॉलीवुड में तो ये शहर जाना पहचाना है, अपने झुमके के लिए मशहूर बरेली शहर में आकर और परफॉर्म करना मेरे लिए यादगार अनुभव है। फ्यूचर यूनिवर्सिटी के छात्रों की एनर्जी देख मेरा दिल खुश हो गया। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों का आगमन आज

बरेली, अमृत विचार : वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष जो 100 वर्षों तक तमिलनाडु में गुप्त रूप से संरक्षित रहे, इस पावन नगरी में सोमवार को पहुंचेंगे। यह यात्रा 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से स्वामी भव्य तेज इसे लेकर सोमवार को शहर में प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में पहुंचेंगे। यहां सुबह 8.30 बजे कार्यक्रम शुरू होंगे। यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह है।

# अटेवा का पुरानी पेंशन को संघर्ष तेज करने का ऐलान



बैठक में शामिल अटेवा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक रविवार को श्री गुलाब राय इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष तेज करने का ऐलान किया। कहा कि एनपीएस को स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

डॉ. भोले राम को जिला कोषाध्यक्ष, कृष्णा राठौर को जिला संयुक्त मंत्री, आशीष सिंह को जिला महामंत्री व पुष्पा गंगवार को जिला महिला संयोजिका नियुक्त किया गया। हेमपाल को जिला ऑडिटर, रूप किशोर को शेरगढ़ ब्लॉक संरक्षक, केवेंद्र कुमार को नवाबगंज ब्लॉक संरक्षक बनाया गया। अनुपम गंगवार को बिथरी चैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष व राजेंद्र पटेल को नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीष कुमार गंगवार ने कहा कि जब तक सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मंडल संगठन मंत्री भूप सिंह, प्राची शर्मा, प्रियंका गुप्ता, रीता कुमारी, नीतू वर्मा, राजेश्वरी मौर्य, मधुरेश दीक्षित, अनिल गंगवार, आशीष शर्मा, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

# रंगमंच पर बरेली का नाम रोशन करने वालों को किया सम्मानित

- हिंदी रंगमंच दिवस पर यूथ वेलफेयर संस्था ने वरिष्ठ व युवा रंगकर्मियों को किया गौरवान्वित

कार्यालय संवाददाता, बरेली



हिंदी रंगमंच दिवस पर रोटरी भवन में रंगकर्म गौरव से सम्मानित रंगकर्मी।

अमृत विचार : हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर यूथ वेलफेयर संस्था की ओर से रविवार को रोटरी भवन में रंगमंच से जुड़े वरिष्ठ और युवा कलाकारों को रंगकर्म गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

संस्था संरक्षक उमेश प्रजापति ने कहा कि कलाकारों को अपने रंग और कर्म की पहचान को जीवित रखना चाहिए। गोविंद सैनी ने कहा कि यह सम्मान उन रंगकर्मियों के लिए है, जिन्होंने बरेली का नाम प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। संयोजक पवन कालरा, राजेश अग्रवाल, पवन सक्सेना, संजीव सक्सेना, राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, डॉ. अनीस बेग, जमील अहमद, अनिल सैनी, सुरेंद्र सोनकर, रविंद्र यादव, शेरसिंह गंगवार, रोहित राजपूत, अशोक यादव, जितेंद्र मुंडे, आरके मौर्य, प्रेम प्रकाश मौर्य, रामसेवक प्रजापति, रवि प्रकाश सक्सेना उपस्थित रहे।

### इन लोगों को किया गया सम्मानित

वरिष्ठ रंगकर्मी लक्ष्मी नारायण सरस, राजीव शर्मा, अंबुज कुकरेती, रजनीश सक्सेना, संजय कुमार सक्सेना, रोहित राकेश, शैलेंद्र आजाद, विनायक श्रीवास्तव, पप्पू वर्मा, सुशील सक्सेना, शुभाशीष जोशी, हरजीत कौर, शुभा भट्ट भसीन, नीलम वर्मा, पुष्पा अरुण, राजू चौहान, विक्रम सिंह, सचिन श्याम भारतीय, सुनील धवन, संजय मठ, कमल श्रीवास्तव, संजय वर्मा, राजीव कर्नल, नाहिद बेग, राजीव उपाध्याय, सुदेश सैनिक, देवेंद्र रावत, प्रदीप महेश मिश्रा, मनसुख राजपूत, सादिक हुसैन, नाजमा खान, दानिश खान, पंकज कुमार मौर्य, नदीम नियाजी, शीतल अग्रवाल, कुमारी वैशाली, लतिका तिवारी, आशा दिवाकर, दीपक चौधरी, प्रदीप कुमार को सम्मानित किया।

## सिटी डायरी

### गौ नंदी सेवा ट्रस्ट की बैठक में निस्वार्थ सेवा की अपील




बरेली, अमृत विचार : गौ नंदी सेवा ट्रस्ट की मोहल्ला गुलाबनगर में बैठक में गौ और नंदी को लेकर चर्चा की गई। ट्रस्ट के संरक्षक पवन सक्सेना ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि निस्वार्थ भाव से गौ और नंदी की सेवा करनी होगी। युवकों के रोजगार का भी मुद्दा उठाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सक्सेना, य उपाध्यक्ष रिमझिम सक्सेना, महासचिव तरुण सक्सेना, कोषाध्यक्ष राजीव सक्सेना, संजीव सक्सेना, कमल सक्सेना, अभिषेक नाथ सक्सेना, अंशू सक्सेना, गोस्वामी प्रमोद कुमार, विक्की कश्यप, नीरज सक्सेना, प्रभात सक्सेना, रितेश मौर्य, सुमित चौहान, श्वेतांक बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

### बाबा नीलकंठ मंदिर में शिव महापुराण कथा 7 से



बरेली, अमृत विचार : राजेंद्र नगर के इंदिरा नगर स्थित बाबा श्री नीलकंठ मंदिर के वार्षिक उत्सव पर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 7 से 15 अप्रैल तक होगा। कथा का वाचन वृंदावन धाम की कथा व्यास राध्या भारद्वाज करेंगे। रविवार को नीलकंठ मंदिर समिति के संरक्षक सतीश सक्सेना, अध्यक्ष एसडी शर्मा, पवन अरोड़ा, आयुष अग्रवाल ने बताया कि 7 अप्रैल की शाम 4 बजे कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। महामंत्री अनिल कुमार गुप्ता, अरविंद रहेजा, डॉ. श्याम माथुर, सुमित चावला, कुलदीप चावला, घनश्याम पांडे व अमित मिश्रा, अमन शर्मा पंडित उपस्थित रहे।

### सत्य और आनंद का स्वरूप हैं श्रीकृष्ण: अतुलेश्वर



बरेली, अमृत विचार : वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बड़ा बाग हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन रविवार को कथावाचक आचार्य अतुलेश्वर सनाढ्य ने परीक्षित जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सत्य और आनंद का स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण हैं, जिनका कोई विपरीत नहीं होता। कथा व्यास ने धुंधकारी प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत श्रवण से प्रेत योनि से भी मुक्ति संभव है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास द्वारा भागवत के प्रथम श्लोक में सत्य को प्रणाम करने का महत्व समझाया। साथ ही नैमिषारण्य में शौनकादि ऋषियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों और भगवान के अवतारों का भी उल्लेख किया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल को व्यास पीठ की ओर से पटका व राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वाति अग्रवाल, विजय लक्ष्मी शर्मा, आयुष बंसल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आनंद आश्रम में राधा-कृष्ण के भजनों पर झूमे भक्त



बरेली, अमृत विचार : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में चल रही रामचरित्र मानस कथा में ऋषिकेश से आए पंडित जय शंकर त्रिपाठी ने भगवान श्री राम के रहने के चौदह स्थानों में से रविवार को पांचवें स्थान जिभ्या का वर्णन किया। सायंकाल में संकीर्तन परिवार की ओर से मासिक संकीर्तन किया गया। वृंदावन प्यारों वृंदावन श्यामा हृदय कमल सो हो गई, चलो वृंदावन, चलो वृंदावन, कैसे न इतराऊं मैं बरसाना मिला है बरसाना मिला है, दर्शन दो घनश्याम, श्याम मोरे अंखियां प्यासी, हरि जी कब होगा मिलन हमारा, हर श्वास में हो सुमिरन तेरा, नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गाया है उसे अपना बनाया है... भजनों को सुनकर भक्त झूमने लगे। संकीर्तन में दीपेश खंडेलवाल, नितिन खंडेलवाल, पदम अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी। प्रसाद वितरित किया गया। आनंद आश्रम प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, शशि कांत मोदी, नर सिंह मोदी, राधा, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, मनीष, मुनमुन आदि उपस्थित रहे। मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि कथा 15 अप्रैल तक आश्रम परिसर में होगी।